# BHADOHI POLICE

## प्रेस-नोट

**सराहनीय कार्य, जनपद भदोही** **दिनांक-12.03.2025**

**◆होली एवं रमजान के अवसर पर जनपदवासियों को भदोही पुलिस की तरफ से बड़ा तोहफा**

**◆विभिन्न कम्पनियों के कुल-102 अदद गिरे/खोये मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद**

**◆बरामदशुदा मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत ₹17,50,000/-(17 लाख 50 हजार रुपये)**

**◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा बरामदशुदा मोबाइलों को उनके स्वामियों को किया गया वितरित**

**◆अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे**

**◆भदोही पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए किया हृदय से धन्यवाद**

**भदोही पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 102 अदद गिरे/खोये विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद, बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 17 लाख 50 हजार रुपये।**

**श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनसुनवाई, CEIR पोर्टल व डायल 112 के माध्यम से प्राप्त खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए एसओजी/सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। मोबाईल फोन की बरामदगी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के **कुल-102 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन कीमती लगभग 17 लाख 50 हजार रुपये** बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

होली एवं रमजान के अवसर पर आज दिनांक-12.03.2025 को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही व स्वाट/सर्विलांस टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामदगी**

102 अदद विभिन्न कम्पनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन कीमती लगभग-**17 लाख 50 हजार रूपये।**

**टीम में शामिल रहने वालों में-**

निरी0 श्याम बहादुर यादव प्रभारी एस0ओ0जी0/ सर्विलांस सेल, हे0का0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव, हे0का0 हरिकेश यादव,हे0का0 बृजेश सिंह सुर्यवंशी,का0 हिमान्शु सिंह, का0 प्रवेश कुमार,का0 गोपाल खरवार,का0 नीरज यादव, का0 शेराफुल हसन, का0 अहम सिंह, का0 प्रिन्स भार्गव व का0 चा0 हरिओम यादव एसओजी/ सर्विलांस टीम जनपद भदोही


निरीक्षक